Munger University, Munger (Bihar)

{Estd in 2018 under Bihar State University (Amendment) Act.2016 (Bihar Act-1/2017)}

Administrative Block, Shastrinagar, Munger-811201

पत्रांक :– Mug/DSW/21/2026/194/26 दिनांक :– 02/11/26

सूचना-2026

स्नातक सत्र 2026-30 (सेमेस्टर-1) के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि चार-वर्षीय स्नातक सी० बी० सी० एस० (CBCS) में ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र भरने की तिथि **03/11/2026 से 07/11/2026** तक निर्धारित की जाती है। नामांकन केवल मेजर विषय के आधार पर हुआ है, इसलिए छात्रों को पंजीयन के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा ही जारी की गयी निर्देशिका के अनुरूप ही नियमानुसार अन्य विषयों जैसे–माइनर (MIC-I), मल्टीडिसिप्लिनरी (MDC-I), एबिलिटी एन्हांसमेंट (AEC-I में MIL हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू में से किसी एक विषय का चयन करना होगा) एवं स्किल एन्हांसमेंट (SEC-I में Advance Spread Sheet Tools या Communication in Everyday Life में से कोई एक विषय का चयन करना होगा), वैल्यू ऐडेड कोर्स (VAC-I में Ethics and Culture या Swachh Bharat) में से कोई एक विषय का चयन करना होगा। छात्र नामांकन पोर्टल से अपने भरे हुए फॉर्म की प्रिंट प्रति निकालकर, आवश्यक सभी शैक्षणिक कागजात एवं मूल CLC व माइग्रेशन संलग्न कर (यदि नामांकन के समय जमा नहीं किया गया हो) संबंधित महाविद्यालय में भौतिक सत्यापन करायेंगे और तत्पश्चात् **600/-** का ऑनलाइन भुगतान कर रसीद प्राप्त करेंगे।

नोटः- सभी अंगीभूत, राजकीय डिग्री एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि वि०वि० द्वारा दी गयी निर्देशिका के अनुसार छात्र/छात्राओं का विषय चयन को ध्यान में रखते हुए सभी छात्र-छात्राओं के चयनित विषयों (MIC-I, MDC-I, AEC-I, MIL-I, SEC-I, VAC-I) की गहन जाँच करवाकर एवं पंजीयन प्रपत्र सत्यापन करवाने के लिए अपने महाविद्यालय स्तर पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

पंजीयन प्रपत्र भरने के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय की वेबसाइट (**www.mungeruniversity.samarth.edu.in**) पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार,

ह0/-

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

दिनांकः- 02/11/26

ज्ञापांकः Mug/DSW/21/2026/194/26

प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य, सभी अंगीभूत, राजकीय डिग्री एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
2. माननीय कुलपति के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
4. परीक्षा नियंत्रक / कुलानुशासक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
5. नोडल पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
6. जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
7. सहायक, यू० एम० आई० एस०।
8. वेबमास्टर, विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

02/11/2026

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

मुंगेर विश्वविदयालय, मुंगेर

02/11/26

मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।

Scanned with OKEN Scanner